राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

**स्वतंत्रता दिवस – 2024**

# राज्यपाल श्री बागडे ने झण्डारोहण किया

# राजभवन में युद्ध स्मारक टैंक का किया लोकार्पण

जयपुर, 15 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरूवार को राजभवन में स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया। बाद में उन्होंने आरएसी गारद की सलामी ली। राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान राजभवन परिसर स्थित राजकीय विद्यालय के उच्च प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों को पुस्तके और मिठाई वितरित की। उन्होंने स्वाधीनता दिवस की सभी को बधाई देते हुए राष्ट्र की समृद्धि और सम्पन्नता के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने बाद में राजभवन स्थित औषधीय उद्यान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा भी लगाया।

**टैंक का लोकार्पण**

राज्यपाल ने स्वाधीनता दिवस पर राजभवन में युद्ध स्मारक के रूप में टी–55 का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य का प्रतीक यह टैंक देश की सेना के पराक्रम का प्रतीक है।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री गौरव गोयल, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री राजकुमार सागर सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

———————